कुरज कृषि मंडी में एफ सीआई गेहूं खरीद केंद्र का शुभारंभ

■ किसानों को मिलेगा उचित मूल्य और पारदर्शी भुगतान व्यवस्था

राजसमंद, (निसं)। विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कृषि मंडी कुरज में शनिवार को भारतीय खाद्य निगम के गेहूं खरीद केंद्र का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र किसानों के लिए राहत और सम्मान का प्रतीक है, जिससे उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य सीधे सरकारी व्यवस्था से प्राप्त होगा और बिचौलियों से मुक्ति मिलेगी।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने गेहूं खरीद प्रक्रिया को पूर्णत: डिजिटल बनाया है, जिससे भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में त्वरित और पारदर्शी रूप से हो रहा है। इससे किसानों का विश्वास बढा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में जहां किसानों को मंडियों में अनदेखी और बिचौलियों का शोषण झेलना पडता था, वहीं आज भाजपा सरकार ने इस व्यवस्था को पूरी तरह बदल दिया है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वर्ष 2014 में गेहूं का समर्थन मूल्य 1400प्रति क्विंटल था, जो अब बढकर 2735 प्रति क्विंटल हो गया है, जिसमें राज्य सरकार का 150 प्रति क्विंटल बोनस शामिल है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत प्रत्येक किसान परिवार को 6000 वार्षिक सहायता दी जा रही है। राजस्थान में भाजपा सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के रूप में 3000 अतिरिक्त प्रदान किए जा रहे हैं। देश के 10 करोड से अधिक किसानों को अब तक 22 किस्तों में 42.7 खरब से अधिक की राशि सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, ई-नाम प्लेटफ ॉर्म, नीम कोटेड यूरिया तथा किसान उत्पादक संगठन एफ पीओ जैसी योजनाओं ने कृषि क्षेत्र को नई शक्ति और दिशा दी है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष छितरमल जाट, पूर्व मंडल अध्यक्ष उदयलाल अहीर, मंडल महामंत्री देवीलाल प्रजापत वं अंबालाल गाडरी, पूर्व मंडल महामंत्री राजेंद्र व्यास, कुरज सरपंच प्रतिनिधि अनिल जाट, जीतावास सरपंच पूरण चौधरी, कोटडी सरपंच अभिषेक चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कार्यकर्ता व किसान उपस्थित रहे।

जमीन हड़पी

उदयपुर,(कासं)। बडगांव थाना पुलिस ने पीडित जमीन कूटरचित दस्तावेज तैयार कर हडपने वाले आरोपियों खिलपाफ प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित नाथूलाल पुत्र नंदलाल वेद निवासी वेदों का मोहल्ला कानपुर प्रतापनगर ने आरोपी प्रदीप पुत्र उदयलाल वेदन निवासी सरस्वती वि. के पीछे कानपुर, रामलाल पुत्र मोहनलाल वेद निवासी वेदों का मोहल्ला, कोट निवासी खेमालाल पुत्र केवजली तथा मांगीदास पुत्र भंवरदास निवासी तितरड़ी एवं रमेश पुत्र डालू डांगी निवासी कानपुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि बेडवास प्रतापनगर क्षैत्र में मेरी सवा पांच बीघा जमीन हैं। आरोपियों ने मिल कर 13 फरवरी 2026 को मेरे नाम से फर्जी व्यक्ति को खड़ा कर पावर बना कर जमीन की रजिस्ट्री करवा हडप ली।

पद यात्रा, रक्तदान व रंगोली में उमड़ा श्रद्धा का ज्वार

डूंगरपुर, (निसं)। श्री जैन नवयुवक मंडल के तत्वाधान मे पांच दिवसीय जन्मकल्याणक महोत्सव के तीसरे दिन पद यात्रा, रक्तदान व रंगोली में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ शिरकत की ओर कार्यक्रम को ऊंचाइयों पर पहुंचाया।

रविवार प्रात: जैन नवयुवक मंडल के अध्यक्ष शैलेश मेहता के तत्वाधान मे श्री नेमीनाथ मंदिर से वाद्ययंत्रों की मधुर स्वर लैरी पर भक्तों का टोला जब निकला तो वातावरण वर्धमान के जयकारों से गूंज उठा। पैदल यात्रा तहसील चौराहा, गैप सागर की पाल,पुराना हॉस्पिटल, कंसारा चौक,सोनिया चौक,घूमता बाजार माणक चौक,फौज का बडला होते हुए घाटी स्थित गंभीरा पार्श्वनाथ मंदिर में स्थित महावीर स्वामी मंदिर पहुंचा जहां भक्तों ने देव दर्शन के साथ धार्मिक क्रियाएं संपादित की। उस दौरान भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमे। पद यात्रा में सकल जैन समाज के धर्मप्रेमी उपस्थित थे। इसके पश्चात जैन सोसाइटी स्थित संभवनाथ जैन परिसर मे डॉ राजेश सरैया के निर्देशन एवं संयोजक पद्मेश गांधी व सहसंयोजक हर्षवर्धन जैन तथा मुख्य लाभार्थी डॉ कुशल चंपालाल जैन (ओडवाडिया)के सानिध्य मे रक्तदान शिविर का शुभारंभ हुआ। ा

जिसमें आठ महिलाओं सहित 65 जानों ने रक्तदान किया। इस दौरान महामंत्री सुनील जैन,श्रेणिक दावड़ा,पंकज जैन, कोषाध्यक्ष अमोल जैन के साथ पूर्व अध्यक्ष सुबोध सरैया,नरेश जैन,युवक महासंघ के अध्यक्ष विवेक दोषी,पोरवाड़ नवयुवक मंडल के अध्यक्ष नितेश मेहता,प्रवीण मलासिया,राजेश डेन्दु, वीरा क्लब की अध्यक्ष कल्पना दोषी, सूर्य कुमार जैन, विजय मेहता, चिकित्सा टीम से डॉ तुराब खुशनुद,खुमान सिंह चौहान,संजय डामोर, अनिल त्यागी, कृष्णा सेवक,हितेश गामोट ,पंकज पटेल अर्पित गुप्ता, अविश यादव, लखन सेठिया उपस्थित थे। उसके पश्चात संभवनाथ परिसर मे रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इससे पूर्व शनिवार रात्रि को नेमीनाथ मंदिर के उपाश्रय में भक्ति गीतों पर गरबा रास का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याण महोत्सव शुरू

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय पर महावीर मंच कांकरोली के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याण महोत्सव का चार दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ सामयिक आराधना एवं अहिंसा के नन्हे सिपाही आयोजन के साथ प्रारंभ हुआ।

मंच अध्यक्ष दिनेश बाबेल ने बताया कि महावीर मंच के तत्वावधान में आयोजित हो रहे भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याण महोत्सव का प्रथम बार चार दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि 31 मार्च को भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याण महोत्सव के दौरान शोभायात्रा और धर्म सभा आयोजित होगी। मंच के महामंत्री सूरज जैन ने बताया कि 29 मार्च को जैन शार्क टैंक एण्ड रील मेकिंग एवं एथिकल एंटरप्रेन्योर कार्यक्रम आयोजित हुई। उन्होंने बताया कि तीसरे दिन पंचवर्ण संगम युगल प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। श्री जैन ने बताया कि जन्म कल्याण महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर मुख्य समारोह आयोजित होगा। जिसमें भव्य शोभा यात्रा प्रात: 8 बजे एवं धर्म सभा प्रात: 10 बजे प्रज्ञा विहार में होगी तथा भक्ति संध्या शाम 7.30 बजे आयोजित होगी। महामंत्री ने बताया कि धर्म सभा में युग प्रधान आचार्य महाश्रमण के शिष्य शासन मुनि सुरेश कुमार व मुनि सुबोध कुमार ढांचा-3 राजस्थान प्रवर्तनी पूज्य यश कंवर म.सा. की सुशिष्या श्रमण संघीय महासती रमिला कुंवर म.सा. आदि ठाणा-3 एवं पूज्य गणेशलाल म.सा. की अनुयायी महासती प्रफुल्ला म.सा. डॉक्टर उदिता आदि ठाणा-9 सानिध्य में आयोजित होगी। मंच के मीडिया संयोजक ललित चोरडिया ने बताया चार दिवसीय महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए अलग-अलग समितियों का गठन करके संयोजक नियुक्त किये गये। शोभायात्रा के लिए महावीर मंच के पूर्व अध्यक्ष सुशील बडाला एवं बाबुलाल हिंगड को जिम्मेदारी दी गई। सामायिक आराधना एवं अहिंसा के नन्हे सिपाही कार्यक्रम के लिए उषा कोठारी, ममता पामेचा, इंदु मेहता, सपना जैन एवं ललिता तलेसरा को संयोजक बनाया गया, जैन शार्क टैंक कार्यक्रम के लिए गौतम कोठारी, मनोज कावडिया एवं महावीर राजा को संयोजक, पंचवर्ण संगम के लिए डिंपल हिमांशु सोनी एवं लक्ष्मी कैलाश बोल्या को संयोजक बनाया गया। मीडिया संयोजक ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याण महोत्सव की तैयारी को लेकर मुनि सुबोध स्वामी के दिशा-निर्देश एवं मंच अध्यक्ष दिनेश बाबेल व महामंत्री सूरज जैन के मार्गदर्शन में तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। मंच के पवन कोठारी, लाभचंद बोहरा, अशोक चोरडिया, हेमंत भंडारी, प्रदीप लोहाडिया, संजय बोल्या, सागर चंडालिया, सुनील चव्हाण, सुरेंद्र महात्मा, राजेंद्र सुराणा, पारस जैन आदि अनेक कार्यकर्ता महोत्सव के सफल आयोजन की व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे।

चिंतन शिविर संपन्न

डूंगरपुर, (निसं)। संभाग के नरणिया स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में श्री विश्वकर्मा मेवाड़ा सुथार महासभा के संभाग स्तरीय प्रथम चिंतन शिविर का आयोजन कांठल बैठक के तत्वावधान में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर उदयपुर संभाग की 16 बैठकों से पधारे पंचों एवं महासभा कार्यकारिणी के सदस्यों का पारंपरिक पगड़ी एवं उपरना पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया।

चिंतन शिविर में समाज के सर्वांगीण विकास को लेकर विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। रूपजी गुडेल ने महिलाओं को समाज की अठिाम पंक्ति में लाने की आवश्यकता पर बल दिया, जबकि सुरेश ने समाज की राजनीतिक भागीदारी को सशक्त बनाने की बात कही। भंवर जी मोवाई ने व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया, वहीं विजयकृष्ण जी झालावाड़ ने सामाजिक रीति-रिवाजों के संरक्षण एवं उनके पालन की महत्ता को रेखांकित किया। भगवान जी रंदेला ने समाज के कार्यक्रमों के लिए सुदृढ़ आर्थिक व्यवस्था सुनिश्चित करने पर अपने विचार व्यक्त किए।

सुखाड़िया विश्वविद्यालय में 6 अप्रेल को होने वाले पेपर निरस्त

■ परीक्षा का नया शेड्यूल जारी, एमकॉम के लीक हुए पेपर की भी तारीख बदली

उदयपुर, (कासं)। आरपीएससी की ओर से आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं को देखते हुए सुविवि ने 6 अप्रैल को होने वाली अपनी सभी परीक्षाओं को फिलहाल स्थगित कर दिया है। अब ये परीक्षाएं 6 अप्रैल के बजाय अलग- अलग नई तारीखों पर आयोजित की जाएंगी।

उदयपुर की मोहनलाल सुखाडिया यूनिवर्सिटी में पढने वाले हजारों स्टूडेंट्स की परीक्षा तिथि में बदलाव हुआ है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने अपनी परीक्षाओं के टाइम टेबल में अचानक बडा बदलाव कर दिया है। राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की ओर से आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं को देखते हुए सुविवि ने 6 अप्रैल को होने वाली अपनी सभी परीक्षाओं को फिलहाल रद्द कर दिया है। अब ये परीक्षाएं 6 अप्रैल के बजाय अलग.अलग नई तारीखों पर आयोजित की जाएंगी।यूनिवर्सिटी के आदेश के अनुसार केवल 6 अप्रैल को होने वाली इन परीक्षाओं की तारीखों में ही बदलाव किया गया है। बाकी सभी परीक्षाएं पुराने टाइम.टेबल के हिसाब से ही चलेंगी।

यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश कुमार बारबर ने बताया कि इस फैसले की जानकारी यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इसके अलावा स्टूडेंट्स को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए उन्हें एसएमएस के जरिए भी सूचना भेजी जा रही है।6 अप्रैल को होने वाली वार्षिक और सेमेस्टर पद्धति की सभी परीक्षाएं अब नए संशोधित कार्यऋम के अनुसार ही होंगी।

इधर एमकॉम (बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) के पेपर को लेकर भारी विवाद खडा हो गया है। दरअसलए यूनिवर्सिटी में एक बडी लापरवाही का मामला सामने आया था। एलएलबी प्रथम वर्ष की परीक्षा चल रही थी और वहां मौजूद स्टाफ ने गलती से छात्रों को एमकॉम का प्रश्नपत्र बांट दिया। इसके बाद यह पेपर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा और हर तरफ पेपर लीक होने की चर्चाएं शुरू हो गई।सोशल मीडिया पर मचे हंगामे के बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन ने आनन.फानन में एमकॉम बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा की तारीख बदल दी। हालांकि यूनिवर्सिटी ने अपने आधिकारिक आदेश में श्पेपर लीकश् शब्द का कहीं भी जिऋ नहीं किया है।

प्रशासन का कहना है कि तारीख में यह बदलाव केवल प्रशासनिक कारणों और प्रतियोगी परीक्षाओं के टकराव की वजह से किया गया है। लेकिन छात्र इसे सीधे तौर पर पेपर लीक के मामले से जोडकर देख रहे हैं। एमकॉम की ये परीक्षाएं पहले 19 मार्च से शुरू होकर 17 अप्रैल तक चलनी थी। इसी कडी में 6 अप्रैल को लिखित संचार विषय का पेपर होना था जिसकी तारीख अब बदल गई है।

हादसे में युवक की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। धंबोला थाना क्षेत्र में एक कार पुलिया से नीचे गिर गई। इस हादसे में उत्तर प्रदेश निवासी हिमांशु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गुजरात निवासी महेश चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक के परिजनों ने इस घटना पर संदेह जताते हुए हत्या की साजिश का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

धंबोला थाना पुलिस के अनुसार, यह घटना राजस्थान-गुजरात के पुनावाडा बॉर्डर के पास रामसोर गांव में हुई। हिमांशु गुजरात के लुणावाडा में एक ट्रैक्टर सेल्स कंपनी में एरिया मैनेजर के पद पर कार्यरत था। घायल महेश चौधरी घटना के बाद मौके से गायब हो गया था और बाद में पालनपुर के एक अस्पताल में भर्ती मिला। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन सीमलवाड़ा मोर्चरी पहुंचे। मृतक के पिता कुलदीप शर्मा और चाचा दीपक शर्मा ने हादसे पर गंभीर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कार में हिमांशु और महेश के अलावा दो अन्य युवक भी सवार थे।

कार्यक्रमों पर चर्चा

बांसवाड़ा, (निसं)। भीम आर्मी भारत एकता मिशन व आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के संयुक्त तत्वावधान में डा.भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जंयती मनाने की तैयारी बैठक हुई। जिलाध्यक्ष नरेश तबियार ने जंयती को लेकर निर्देश दिए। वहीं भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकिल सुनार्थी ने जंयती के प्रारुप तैयार कर सुझावो के साथ पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी।

साधारण सभा की बैठक

उदयपुर, (कासं)। मेवाड क्षत्रिय महासभा संस्थान उदयपुर की साधारण सभा की बैठक रविवार को मीरां मेदपाट भवन, चित्रकूटनगर में मेवाड क्षत्रिय महासभा संस्थान के केन्द्रीय अध्यक्ष बालूसिंह कानावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।आमसभा के उपरांत सभा के उदयपुर शहर,गिर्वा और बड़गांव तहसील इकाइयों के 27 मार्च को हुए चुनाव में निर्विरोध सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए प्रत्याशियों की घोषणा की गई।

इसमें उदयपुर शहर से डॉ.पृथ्वीराजसिंह बनेडिया अध्यक्ष चुने गए। साथ ही चंद्रवीरसिंह बोरज उपाध्यक्ष, भवानीसिंह डाबला मंत्री, बलवीरसिंह कुंचोली संयुक्त सचिव, शंभूसिंह सवीना कोषाध्यक्ष चुने गए। सभी का चयन सर्वसम्मति से निर्विरोध हुआ। बालूसिंह कानावत ने सन् 1941 में स्थापित महासभा के लोगों का स्वागत करते हुए वार्षिक रिपोर्ट के साथ संस्थान द्वारा अब तक किये गए कार्यों से अवगत कराया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. पृथ्वीराज सिंह बनेडिया ने आगामी प्रताप जयंती को भव्य बनाने, समाज के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करवाने, फ्री कोचिंग की व्यवस्था करवाने, समाज उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित करवाने की बात कही।

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक आयोजित

बांसवाड़ा, (निसं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, राजस्थान विद्यालय शिक्षा राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला बैठक गोवर्धन गोशाला, तलवाड़ा में जिलाध्यक्ष दिनेश मईड़ा की अध्यक्षता तथा गोशाला संरक्षक कांतिलाल व्यास, जिला संगठन मंत्री कमल सिंह सोलंकी, उपसभाध्यक्ष बंसिलाल डिंडोर, संभाग महिला संगठन मंत्री मीना टेलर तथा प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सोनी के विशिष्ट आतिथ्य में हुई।

अतिथियों का स्वागत रमेशचंद्र व्यास, परमेश्वर पाटीदार, अरविंद त्रिवेदी, पुनीत सेवक एवं राजेंद्र पाटीदार ने उपरणा ओढ़ाकर किया। मुख्य अतिथि प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. ऋषिन चौबीसा ने संगठन के इतिहास की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2004 से पूर्व संगठन अध्यक्ष के नाम से जाना जाता था। वर्ष 2005 के माउंट आबू अधिवेशन के बाद इसका नाम राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय रखा गया। इसके पश्चात वर्ष 2025 के बांसवाड़ा प्रदेश अधिवेशन में संगठन का नाम अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, विद्यालय शिक्षा, राजस्थान किया गया, जिससे यह अधिवेशन ऐतिहासिक बन गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में संगठन के 41 जिलों में लगभग 2 लाख 80 हजार सदस्य थे, जबकि एबीआरएसएम के 28 राज्यों एवं 8 केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग 13 लाख शिक्षक सदस्य जुड़े हुए हैं। संगठन न केवल शिक्षकों की मांगों को लेकर सक्रिय है, बल्कि सामाजिक समरसता, कर्तव्य बोध पखवाड़ा, हमारा विद्यालय-हमारा तीर्थ एवं प्रभावी प्रार्थना सभा जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षकों और विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना का संचार भी कर रहा है। शिक्षक समस्याओं पर चर्चा करते हुए

उन्होंने बताया कि तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण एवं डीपीसी को लेकर संगठन सरकार के साथ निरंतर संपर्क में है। साथ ही प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्य एवं द्वितीय श्रेणी शिक्षकों की पदोन्नित प्रक्रिया भी प्रगति पर है। अध्यक्षीय उद्बोधन में जिलाध्यक्ष दिनेश मईड़ा ने प्रदेश अधिवेशन की ऐतिहासिक सफलता पर कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि भोजन, आवास, वितरण, वित्त एवं पंजीयन सहित सभी व्यवस्थाओं में शिक्षकों ने सराहनीय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि तृतीय श्रेणी के सामाजिक विज्ञान एवं हिंदी विषय के कई शिक्षक बिना पदोन्नित के ही सेवानिवृत्त हो गए, जो चिंताजनक है। संगठन के आ ान पर ज्ञापन, धरना एवं बैठकों में अधिकाधिक भागीदारी से ही संगठन मजबूत होगा। विशिष्ट अतिथि कांतिलाल व्यास ने गोवर्धन गोशाला का परिचय देते हुए बताया कि गाय माता सभी मनोरथ पूर्ण करने वाली मानी जाती है। इस गोशाला की स्थापना वर्ष 2005 में हुई थी। जिला संगठन मंत्री कमल सिंह सोलंकी ने कहा कि सदस्यता अभियान संगठन की रीढ़ है, जिसे हर हाल में सफल बनाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि संगठन में एंट्री लेवल शिक्षक से लेकर संयुक्त निदेशक स्तर तक के सभी वर्गों के शिक्षक एवं अधिकारी जुड़े हुए हैं।

विष्णु के स्वरूप शालिग्राम व माता तुलसी का विवाह समारोह सम्पन्न

■ 108 से भी ज्यादा दंपतियों ने किया कन्यादान हुआ स्वामीवात्सल्य

उदयपुर, (कासं)। पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन संस्थान के अंतर्गत उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन की महिला समिति द्वारा रविवार को राजेंद्र नगर स्थित अग्रवाल भवन में भगवान श्री हरि नारायण के स्वरूप में शालिग्राम जी एवं माता तुलसी का विवाह समारोह सम्पन्न हुआ।

उदयपुर जिला अग्रवाल महिला सम्मेलन जिला अध्यक्ष सुशीला गुप्ता एवं मुख्य आयोजक वीणा अग्रवाल, बबिता खैतान ने बताया कि तीन दिवसीय तुलसी विवाह समारोह मैं तीसरे दिन अग्रवाल समाज के बंधु, मातृ शक्ति अपार उत्साह और उमंग के साथ तुलसी माता के विवाह समारोह में बडी संख्या में अपनी सहभागिता प्रदान की। संपूर्ण राजेंद्र नगर में उस समय एक उत्सवी माहौल का वातावरण बन गया जब दोपहर 2 बजै बेंड बाजो की मधुर स्वर लहरी एवं भगवान विष्णु के भक्तिमय गीतों पर सैकडो की संख्या में अग्रवाल समाज के स्त्री पुरुष परंपरागत वेशभूषा में नाचते गाते राजराजेश्वर मंदिर से भगवान शालिग्राम जी की बारात लेकर निकले। लोगों में इस विवाह को लेकर बडा ही उत्साह था महिलाएं मंगल गान कर रही थी। मार्ग में समाज एवं अन्य लोगों ने बारात पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

बारात राजेंद्र नगर स्थित अग्रवाल भवन पहुंची जहां पर तोरण लगाया गया और वधू पक्ष की ओर से भगवान शालिग्राम जी की बारात का भव्य स्वागत किया गया। यहां पर विवाह की विभिन्न रस्मो को सनातन परम्परा के तरीके से आयोजित किया गया। भगवान शालिग्राम जी एवं माता तुलसी जी के पाणिग्रहण संस्कार से पूर्व वरमाला का आयोजन किया गया यहां पर उपस्थित सभी समाज बंधुओ मातृशक्ति ने पुष्प वर्षा की। तत्पश्चात पाणिग्रहण संस्कार में पंडित राधेश्याम सुखवाल के सानिध्य में मुख्य यजमान नलिनी नरेंद्र अग्रवाल, ओमप्रकाश गुप्ता के साथ मुख्य रूप से सुशीला के के गुप्ता, वीणा सुरेंद्र अग्रवाल, भगवती प्रकाश अग्रवाल सुधा मदन लाल अग्रवाल नरेंद्र आभा अग्रवाल, शारदा रविंद्र अग्रवाल कुसुम संदीप गोयल शशि पित्ती अंजना सुनील गुप्ता हेमा घनश्याम गुप्ता पल्लवी हेमांग अग्रवाल सुमित्रा रामचंद्र अग्रवाल निकिता अग्रवाल रेखा के के अग्रवाल अंजना हेमंत मित्तल कमलेश सत्यनारायण गुप्ता रेखा सुरेश मोर रितु नवीन अग्रवाल मीनाक्षी संजय खेतान मनीता राकेश गुप्ता शीला ओम प्रकाश अग्रवाल दीपिका गौरव बंसल प्रिया नीरज मित्तल संतोष सुशील कागजी, अलका नितिन पोद्दार सोनाली ज्ञानेश्वर बंसल शिवानी चन्द्रेश अग्रवाल दीपमाला सुशील मेडतिया शांता रोशन लाल तायलिया सहित 108 से ज्यादा दम्पति जोड़ों ने अलग अलग वेदियों के सम्मुख बैठकर हवन पूजन के साथ तुलसा जी एवं शालिग्राम जी के विवाह संस्कार को संपन्न कराया।विवाह संस्कार, कन्यादान संकल्प और विवाह के समस्त नेकचारो के बाद तुलसी माता को भावपूर्ण विदाई दी।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष के के गुप्ता ने इस आयोजन के लिए समस्त समाज बंधुओ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी समाज बंधुओ का सेवा भाव समाज को ऊंचाइयां देगा। उन्होंने कहा कि समस्त जगत में तुलसी का वास समृद्धि लाता है महिला समिति का यह प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज पूरे देश का नेतृत्व कर सकता है अब वह जाग चुका है। अग्रवाल समाज निरंतर उन्नति और प्रगति की ओर बढ रहा है समाज की एकजुटता में अपनी हिस्सेदारी अवश्य प्रदान करें। उन्होंने कहा कि आज तुलसी विवाह के अवसर पर हम संकल्प लेवे की किसी भी हाल में प्लास्टिक की थैली का उपयोग नहीं करेंगे और स्वच्छता के मिशन को अपने परिवार से प्रारंभ कर अपने घर आसपास के क्षेत्र आदि में स्वच्छता मिशन को लागू कर अपने और अपने परिवार को स्वस्थ रखने का काम करेंगे।उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन संस्थान के महामंत्री चंचल अग्रवाल ने बताया कि इस संपूर्ण तीन दिवसीय कार्यक्रम की प्रेरणा के स्त्रोत के के गुप्ता थे जिनके प्रयास से यह समारोह सम्भव हो सका। इस अवसर पर पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन संस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल उपाध्यक्ष वीणा अग्रवाल रविंद्र अग्रवाल शशिकांत खैतान, नटवरलाल खैतान जिला अध्यक्ष मदन लाल अग्रवाल महामंत्री चंचल कुमार अग्रवाल कार्यक्रम संयोजक नरेंद्र अग्रवाल सुनील मित्तल, शिवप्रकाश अग्रवाल, प्रेममोहन गर्ग ज्ञानेश्वर बंसल ओम प्रकाश गुप्ता दिलीप अग्रवाल विनय झुनझुनवाला गौरव बंसल महिला सम्मेलन की जिला अध्यक्ष सुशीला गुप्ता, मुख्य संयोजक बबिता खैतान वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजना मित्तल महामंत्री नीतू गुप्ता कोषाध्यक्ष नीलम अग्रवाल, जिला अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल महामंत्री नलिन गुप्ता उपाध्यक्ष गजेंद्र अग्रवाल कोषाध्यक्ष नितेश बैराठी, हनुमान गुप्ता, सहित अग्रबंधु उपस्थित थे।